नीना मौसी से मुलाकात

फ्रांज ब्रैंडनबर्ग, चित्र: अलिकी

अनुवाद: मुकेश

नीना मौसी से मुलाकात

फ्रांज ब्रैंडनबर्ग, चित्र: अलिकी
अनुवाद: मुकेश

पाब्लो और अन्ना चार्ल्स,
आयोना रिचर्ड और हेलेना,
उनके चाचा-चाची
और विशेष रूप से
उनकी दादी, एम.डब्ल्यू. के लिए।

"आज तो कुछ भी करने के लिये नहीं है," एलेक्जेंड्रा ने कहा।
"जाओ और अपने दोस्त के साथ खेलो," उसकी माँ ने कहा।
एलेक्जेंड्रा ने कहा, "वह सप्ताहांत के लिए बाहर है।"
उसके पिता ने पूछा, "अपने भाई के साथ क्यों नहीं खेलतीं?"
एलेक्स ने कहा, "हर समय अपनी बहन के साथ खेलना उबाऊ है।"
"काश हमारे कुछ साथी होते!" एलेक्जेंड्रा ने कहा।

दरवाज़े की घंटी बजी।
एलेक्स और एलेक्ज़ांड्रा दौड़ कर दरवाजे पर पहुँचे।
उनके चचेरे भाई बर्नार्ड और बहन बर्नाडेट थे।
"मेरी इच्छा पूरी हो गई," एलेक्ज़ांड्रा ने कहा।



"चलो कठपुतली का खेल करते हैं," एलेक्स ने कहा।
"बर्नार्ड और मैं कठपुतलियों को हिलाएंगे,
बर्नाडेट रौशनी करने का काम कर सकती है
और एलेक्ज़ांड्रा पियानो बजा सकती है।
"दर्शक कौन होगा?" बर्नाडेट ने पूछा।
"दर्शकों के बिना मज़ा नहीं आएगा," बर्नार्ड ने कहा।

दरवाज़े की घंटी बजी।

चारों बच्चे दौड़ कर दरवाजे की ओर गए।

उनके ममेरे भाई चार्ल्स और बहन शार्लोट आए थे।

"हम कठपुतली का खेल करने वाले हैं," एलेक्स ने कहा।

"क्या मैं पर्दों को संभाल सकती हूँ?" शार्लोट ने पूछा।

"क्या मैं कठपुतलियों पर रंग बिरंगी रौशनी डालने का काम कर सकता हूँ?" चार्ल्स ने पूछा।

"हमें तुम्हारी ज़रूरत है दर्शक बनने की," बर्नाडेट ने कहा।

"हम सिर्फ़ दर्शक नहीं बनेंगे," चार्ल्स और शार्लोट ने कहा।



दरवाज़े की घंटी बजी। छहों बच्चे दौड़ कर दरवाजे की ओर गए।
नीना मौसी थीं।
"मैं आपके लिए बिल्लियाँ लाई हैं," उन्होने कहा।
"आप में से हर एक के लिए एक है।"
"धन्यवाद, नीना मौसी," बच्चे बोले।
"हम हमेशा से यही चाहते थे।"

"वे हमारे कठपुतली के खेल में भाग ले सकते हैं," एलेक्स ने कहा।

"मुझे नहीं लगता कि उन्हें यह पसन्द आयेगा," नीना मौसी ने कहा।

"वे खिलौने नहीं हैं।"

"ओह, देखो! वे भाग रहे हैं," बच्चे बोले।

"चिंता मत करो," नीना मौसी ने कहा।

"जब वे भूखे होंगे तो वापस आ जाएंगे।

तुम्हारा कठपुतली का खेल कैसा चल रहा है?" उन्होने पूछा।

"हमारे पास दर्शक नहीं हैं," बर्नार्ड ने कहा।

" में दर्शक होंगीं," नीना मौसी ने कहा।



उन्होंने कठपुतली का रंगमंच तैयार किया।
बर्नाडेट ने रंगमंच के निचे की बत्तियाँ जलाईं।
शार्लोट ने पर्दे हटाये।
"ये रहे!" नीना मौसी बोलीं।
छह छोटे बिल्ली के बच्चे मंच पर बैठे थे।
"उन्हें आखिरकार हमारे कठपुतली के खेल में रहना पसंद है,"
एलेक्स ने कहा।
"उन्हें रोशनी की गर्मी पसंद है," नीना मौसी ने कहा।

एलेक्जेंड्रा पियानो बजाने लगी।

लेकिन छह छोटे बिल्ली के बच्चों ने उसे रोक दिया।

एलेक्स और बर्नार्ड ने कठपुतलियों खिलाने की कोशिश की।

लेकिन छह छोटे बिल्ली के बच्चों ने उन्हें ऐसा नहीं करने दिया।

चार्ल्स ने एक खास जादू दिखाया।
इससे छह छोटे बिल्ली के बच्चे डरकर भाग गए।
नीना मौसी ने ताली बजाई।
उन्होंने कहा, "मेरा देखा हुआ यह अब तक का सबसे मजेदार कठपुतली का खेल था।"
"और आप अब तक की सबसे अच्छी दर्शक हैं।" बच्चों ने कहा।

"खाना तैयार है!" माँ ने कहा।

उन्होंने मेज पर बैठने की कोशिश की।

लेकिन छह छोटे बिल्ली के बच्चों ने उन्हें बैठने नहीं दिया।'

“अब आराम करने का समय है,” पिता जी ने कहा।
उन्होंने सोने की कोशिश की।
लेकिन छह छोटे बिल्ली के बच्चों ने उन्हें सोने नहीं दिया।

चचेरे भाई-बहनों के जाने का समय हो गया था।
हर किसी ने घर ले जाने के लिए एक बिल्ली का बच्चा चुना।
“मुझे भी जाना होगा,” नीना मौसी ने कहा।
“जल्द ही मुझसे मिलने आना।”
“ज़रूर आएंगे,” बच्चों ने कहा।



"यह अब तक की सबसे अच्छी मुलाकात थी," एलेक्स ने कहा। "काश हमारे पास हमेशा कोई न कोई साथी होता।"

"अब हमारे पास है," एलेक्स ने कहा। "अब हमारे पास हमारे बिल्ली के बच्चे हैं।"